रोहतक, 24 अगस्त 2026। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के लोक प्रशासन विभाग में आज अकादमिक ऑडिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अकादमिक गुणवत्ता, विभागीय शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की अकादमिक आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आयोजित इस ऑडिट में विशेषज्ञ के रूप में प्रो. अजमेर मलिक, पूर्व कुलपति, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा प्रो. ओम मेहला, प्रोफेसर, राजस्थान विश्वविद्यालय ने ऑडिट टीम के सदस्य के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष सेवा सिंह दहिया द्वारा ऑडिट टीम का औपचारिक स्वागत करते हुए किया गया। इस अवसर पर विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों तथा अकादमिक कार्यों से विशेषज्ञों को अवगत कराया गया। अकादमिक ऑडिट के दौरान विशेषज्ञों ने विभाग के विद्यार्थियों के साथ विशेष संवाद किया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के समक्ष अपनी अकादमिक एवं विभागीय समस्याओं को साझा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की बातों को गंभीरता से सुना तथा उनके प्रश्नों एवं सुझावों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। ऑडिट टीम ने विभाग की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, शोध गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अकादमिक सुविधाओं का भी अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए अकादमिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान विभाग के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अकादमिक ऑडिट को विभाग में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी उच्च शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया।

